**राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 25 जुलाई, 2022 अपराह्न 01.00 बजे प्रो० एस०एन० उपाध्याय की अध्यक्षता में ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से मा० कुलपति कान्फ्रेंस हाल ए०के०टी०यू० लखनऊ में सम्पन्न 16वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए :—**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो० एस०एन० उपाध्याय, ,<br>पूर्व निदेशक,<br>आई०आई०टी० (बी०एच०यू०), वाराणसी।<br>अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुभाष चन्द्र शर्मा,<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री ज्ञान पाल सिंह,<br>वित्त अधिकारी,<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम,<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | प्रतिनिधि सदस्य सचिव वित्त विभाग उ०प्र० शासन |
| 4. | प्रो० प्रदीप कुमार मिश्र,<br>कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम,<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो० आर०एस० वर्मा,<br>निदेशक, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो० एम०एम० गोरे,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | श्री सुशील कुमार अग्रवाल,<br>अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक,<br>एवरो इंडिया लिमिटेड, गाजियाबाद, उ०प्र०। | सदस्य |
| 8. | प्रो० एस०पी० चौरसिया,<br>केमिकल इंजी० विभाग,<br>मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो० बी०के० कनौजिया,<br>निदेशक,<br>राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर, पंजाब। | सदस्य |

Sandeep

| | | |
|---|---|---|
| 10. | उप सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1,<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ। | विशेष–आमंत्री |
| 11. | अनुभाग अधिकारी,<br>प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1,<br>उ०प्र० शासन, लखनऊ। | विशेष–आमंत्री |
| 12. | प्रो० संदीप तिवारी,<br>निदेशक,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,<br>अम्बेडकर नगर। | सदस्य–सचिव |

**अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ अभय करन्डीकर,<br>निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 2. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>विकास नगर, कानपुर। | सदस्य |

सर्वप्रथम सदस्य–सचिव द्वारा अध्यक्ष, एवं उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य–सचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**16:01 प्रशासकीय परिषद की दिनाँकः 19.08.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 19.08.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

Sandeep

**16:02 प्रशासकीय परिषद की दिनाँकः 19.08.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 19.08.2021 को सम्पन्न 14वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

बिन्दु सं० **14:02** के क्रम में परिषद TEQIP-III से पुस्तकों के क्रय बिन्दु सं० **13:13** में अनियमितता हेतु गठित बाह्य समिति की जाँच आख्या से अवगत हुई तथा प्रारम्भिक तौर पर उक्त क्रय प्रकरण में अनियमितता के सन्दर्भ में दोषी कर्मचारियों की संलिप्तता प्रतीत होती है। इस सम्बंध में निदेशक द्वारा यह बताया गया कि कुछ सदस्यों द्वारा प्रतिभाग एवं हस्ताक्षर नहीं किया गया। अतः इस सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है, कि दोषी कर्मचारियों ने अपने प्रभाव का दुरूपयोग कर समिति के सदस्यों को उक्त जाँच आख्या में प्रतिभाग/हस्ताक्षर न करने हेतु बाध्य किया हो ! अतः प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि, उक्त जाँच आख्या का परीक्षण निम्न सदस्यों की समिति से कराते हुये जाँच कराये। इसके साथ ही निदेशक को यह भी निर्देशित किया कि तथाकथित दोषी कार्मिक द्वारा अगर जाँच प्रभावित किये जाने की सम्भावना हो तो उन्हें निलम्बित करने के पश्चात उक्त प्रकरण की जाँच कराये एवं उक्त समिति की जाँच रिपोर्ट निर्णय हेतु प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

1. डा0 जय नरायन, कुलसचिव, एन.आई.पी.ई.आर., रायबरेली। — अध्यक्ष
2. डा0 नवीन उपाध्याय, उप पुस्तकालयाध्यध, श्रीनिवास देशपाण्डेय पुस्तकालय, आई.आई टी. बी.एच.यू। — सदस्य
3. श्री विक्रम प्रताप सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंजी0 कालेज अम्बेडकरनगर। — सदस्य
4. श्री लोकेश कुमार यादव, सहायक कुलसचिव, राजकीय इंजी0 कालेज अम्बेडकरनगर समिति के सदस्य सचिव होंगे तथा उनके द्वारा सम्बधिंत समस्त प्रपत्र उपलब्ध कराया जायेगा एवं उक्त जांच में श्री यादव अपना कोई मत नहीं देंगे तथा चेयरमैन के निर्देशानुसार जांच आख्या तैयार करने में सहयोग करेंगे। — सदस्य सचिव

बिन्दु सं० 14:14 संस्थान के शैक्षिक पदों हेतु रोस्टर के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि मा० कुलपति, एच०बी०टी०यू० की अध्यक्षता में बनी रोस्टर निर्धारण समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त रोस्टर लागू किया जाय।

**बिन्दु सं० 14:18** संस्थान के नियमित निदेशक के मूल वेतन निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि, उक्त के सम्बंध में प्रदेश के अन्य शासकीय अनुदानित संस्थाओं के निदेशक हेतु उ०प्र० राज्य सरकार द्वारा निर्धारित/प्रचलित वेतन नियमावली आगामी प्रशासकीय परिषद की बैठक में निर्णय हेतु प्रस्तुत किया जाय।

**बिन्दु सं० 14:22** डा० सूर्य प्रकाश सिंह, सह आचार्य, डा०मो० असलम हुसैन, सहा० आचार्य एवं डा० युधिष्ठिर पांण्डेय, सहा० आचार्य, द्वारा संस्थान में की गई तथाकथित वित्तीय अनियमिताओं की जाँच के सम्बन्ध में वाह्य जाँच समिति द्वारा जाँच आख्या नहीं प्रस्तुत किये जाने से प्रशासकीय परिषद अप्रशन्नता वयक्त की एवं उक्त प्रकरण की जाँच आख्या एक माह के अन्दर अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये एवं उक्त जाँच आख्या के आधार पर अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अग्रिम कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

Sandeep

**बिन्दु सं० 4:23** डा० सुशांत चतुर्वेदी द्वारा की गई अनुशासनहीनता के सम्बंध में । प्रशासकीय परिषद ने जाँच आख्या का संज्ञान लेते हुये सम्यक परीक्षणोपरान्त यह पाया कि सम्बंधित शिक्षक डा० सुशांत चतुर्वेदी द्वारा जानबूझकर आदेशो की अवहेलना की गयी। जो संस्थान में अनुशासनहीनता को बढ़ावा दे सकता है। अतः संस्थान के निदेशक को आदेशित किया जाता है कि डा० सुशांत चतुर्वेदी के वेतन में एक असंचयी वार्षिक वृद्धि रोकी जाय एवं उसके बाद की वार्षिक वृद्धियाँ डा० सुशांत चतुर्वेदी की कार्यकुशलता/कार्यशैली के परीक्षणोपरान्त संतोषजनक होने की दशा में प्रशासकीय परिषद को अवगत कराकर ही निर्गत किया जाय।

**16:03 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) का अनुमोदित कार्यवृत्त माननीय सदस्यों को प्रेषित किया गया। माननीय सदस्यों से कार्यवृत्त के अभिलेखन पर कोई टिप्पणी नहीं प्राप्त हुई। अनुमोदित कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया। प्रशासकीय परिषद द्वारा अवलोकन के उपरान्त उक्त कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया गया।

**16:04 प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक (बाई सर्कुलेशन) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांकः 10.04.2022 को सम्पन्न 15वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई एवं संस्थान में तीन नवीन पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने के सम्बन्ध में वित्त समिति से अनुमोदनोपरान्त औचित्य एवं आधार सहित प्रस्ताव उ०प्र० शासन को प्रेषित किये जाने एवं प्रत्येक तीन माह में उक्त की प्रगति आख्या से परिषद को अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

**16:05 संस्थान के वित्त समिति की दिनाँकः 03 फरवरी, 2022 को सम्पन्न 13वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान के वित्त समिति की 12वीं बैठक दिनांकः 09 मार्च, 2021 को सम्पन्न के कार्यवृत्त से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:06 संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की विभिन्न तिथियों में सम्पन्न 18वीं एवं 19वीं बैठक के कार्यवृत्तों का अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान के केन्द्रीय क्रय समिति की विभिन्न तिथियों में सम्पन्न 18वीं एवं 19वीं बैठक के कार्यवृत्तों से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:07 प्रशासकीय परिषद की सम्पन्न 13वीं बैठक के पश्चात् संस्थान के विकास कार्यो एवं शैक्षिक कार्यो की प्रगति तथा प्रशासनिक क्रिया–कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद 13वीं बैठक के पश्चात् संस्थान के विकास कार्यो, शैक्षिक कार्यो की प्रगति एवं प्रशासनिक क्रिया–कलापों से अवगत हुई तथा छात्रों के प्लेसमेन्ट बढ़ाने के लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

Sandeep

**16:08 पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति की सूचना एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद पं० दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना (DDUQIP) की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:09 शासन के निर्देशानुसार संस्थान में शिक्षणेत्तर समूह ग व घ (तकनीकी/गैर तकनीकी) के संबंधित पदों पर शासन द्वारा निर्गत मानक नियमावली के अनुसार चयन कराए जाने पर अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद की सैद्धान्तिक स्वीकृति की सूचना एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ के पत्र संख्याः 149815/16–1099 /246/2020, दिनांकः 25 मार्च, 2022 के क्रम में अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा मानक नियमावली पर प्राप्त सैद्धान्तिक स्वीकृति की सूचना से अवगत होते हुये मानक नियमावली को संस्थान के सृजित पदों पर चयन हेतु बायलॉज में अंगीकृत करने के निर्देश दिये गये।

**16:10 मा० मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांकः 22.04.2022 को सम्पन्न बैठक में प्रदत्त निर्देश (त्वरित कार्यवाही) के क्रम में कुलसचिव/सहायक कुलसचिव व अन्य रिक्त पदों को शीघ्रातिशीघ्र भरे जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद 16:10 (क) एवं 16:10 (ख) प्रकरण से अवगत हुई एवं मानक नियमावली के संस्थान के बायलॉज एवं सोसायटी रूल्स के अन्तर्गत सम्मिलित होने के उपरान्त ही अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

**16:11 संस्थान के रिक्त शैक्षिक पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु विषय विशेषज्ञों के पैनल का औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया तथा आगामी नियुक्तियों हेतु माननीय कुलपति ए०के०टी०यू० द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि विश्वविद्यालय की नियमित नियुक्ति हेतु अनुमोदित विषय विशेषज्ञों के पैनल को ही संस्थान में होने वाली नियमित नियुक्ति हेतु अनुमोदन दिया जा सकता है, जिसको समिति सदस्यों ने स्वीकृत किया एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:12 प्रशासकीय परिषद द्वारा विभिन्न समितियों में सदस्यों के नामांकन पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा विभिन्न समितियों के नामित सदस्यों का विवरण निम्न हैः–

**(अ) प्रशासकीय परिषद :–**

**7 (viii) में** प्रो० एस०एन० त्रिपाठी, सिविल इंजी० विभाग, आई०आई०टी०, कानपुर।

**(x) में** प्रो० विशाल सिंह चन्देल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग, रा०इं०का०, अम्बेडकरनगर।

Sandeep

**(ब) क्रय समिति :–**

**29 (B) में 1.** निदेशक द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रो० विशाल सिंह चन्देल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग, रा०इं०का० अम्बेडकरनगर एवं डा० सुधाकर त्रिपाठी, सह आचार्य, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग जिनका कार्यकाल 20 जून, 2020 को समाप्त हो गया था, परन्तु प्रशासकीय परिषद से समिति का कार्यकाल विस्तारित किये जाने की प्रत्याशा में क्रय समिति की बैठके करायी गयी है। अतः उक्त से अवगत होते हुये उपरोक्त सदस्यों की कार्यावधि को दिनांकः 24 जुलाई, 2022 तक विस्तारित किये जाने का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया एवं प्रो० विशाल सिंह चन्देल, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग, रा०इं०का० अम्बेडकरनगर के नामांकन का निर्णय लिया गया।

2. डा० प्रभूदत्त द्विवेदी, सहायक आचार्य, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग, रा०इं०का० अम्बेडकरनगर।

**16:13 संस्थान में निर्मित आवासों के आवंटन हेतु नियमों पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:14 संस्थान में रिक्त शैक्षिक पदों के सापेक्ष Visiting/Adjunct फैकल्टी को AICTE के नियमानुसार चयन एवं मानदेय दिये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया तथा संस्थान हेतु सृजित/रिक्त शैक्षिक पदों के सापेक्ष Visiting/Adjunct फैकल्टी को AICTE के नियमानुसार चयन किये जाने एवं मानदेय दिये जाने के सन्दर्भ में पत्र उ०प्र० शासन को प्रेषित करके शासन द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप कार्यवाही के भी निर्देश परिषद द्वारा दिया गया।

**16:15 संस्थान के अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों के Leave Rules निर्धारण पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत होते हुए प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1, उ०प्र० शासन लखनऊ के Notification No. 4174/Sixteen-1-2015-03(3)/2014, Dated 27 November, 2015 पर आधारित Leave Rules के मसौदे से अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया एवं उ०प्र० शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत Leave Rules संबंधित शासनादेश संस्थान के Leave Rules में समावेश करने सम्बंधी निर्देश दिये गये।

**16:16 संस्थान के अधिकारियों/शिक्षकों/कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति निर्धारण पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत होते हुए संस्थान के कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली उ०प्र० राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली के क्रम में संस्थान के कर्मचारियों हेतु चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

**16:17 संस्थान में रिक्त चिकित्साधिकारी के पद के सापेक्ष चिकित्साधिकारी नियत मानदेय उ०प्र० शासन के चिकित्सा विभाग के शासनादेश के अनुरूप आबद्ध किये जाने हेतु विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान में रिक्त चिकित्साधिकारी के पद के सापेक्ष चिकित्साधिकारी नियत मानदेय मासिक धनराशि रू० 30000.00 पर आबद्ध किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**16:18 संस्थान के वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाने वाले सृजित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पदों में उल्लिखित पदों (ट्यूबवेल आपरेटर, चपरासी, हेल्पर (सिविल/इलेक्ट्रिकल), बुक लिफ्टर, छात्रावास अनुचर, स्टोरमेट) की संख्या के अनुरूप कार्मिकों को रखे जाने एवं स्टोर कीपर पद को अर्द्धकुशल से कुशल किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

**(क)** प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में चतुर्थ श्रेणी के सृजित पदों के सापेक्ष ही सेवा प्रदाता के माध्यम से आउट सोर्सिग से कार्मिक लिये जाय। वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्मिकों को रखे जाने के सम्बन्ध में वित्त एवं कार्मिक विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन संस्थान स्तर से सुनिश्चित किया जायः–

**कार्मिकों का विवरण निम्नवत हैः–**

| क्र० सं० | सृजित पद | सृजित पदों की संख्या | 14वीं BoG के निर्देश के क्रम में वर्तमान में भरे गये पदों की सं० | आवश्यक अतिरिक्त पदों की सं० | पदों के प्रकार | दर | धनराशि रू० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रूटीन ग्रेड लिपिक/टाईपिस्ट | 06 | 03 | 03 | कुशल | 17,089.00 | 51,267.00 |
| 01 | ट्यूबवेल आपरेटर | 01 | 00 | 01 | अकुशल | 12,439.00 | 12,439.00 |
| 02 | चपरासी | 08 | 06 | 02 | अकुशल | 12,439.00 | 24,878.00 |
| 03 | हेल्पर (सिविल/इलेक्ट्रिकल) | 02 | 00 | 02 | अकुशल | 12,439.00 | 24,878.00 |
| 04 | बुक लिफ्टर | 02 | 01 | 01 | अकुशल | 12,439.00 | 12,439.00 |
| 05 | छात्रावास अनुचर | 04 | 02 | 02 | अकुशल | 12,439.00 | 24,878.00 |
| 06 | स्टोरमेट | 01 | 00 | 01 | अकुशल | 12,439.00 | 12,439.00 |
| **योग** | | | | **12** | | | **01,63,218.00** |
| **Service Charges @ 4.5 % (As applicable from time to time)** | | | | | | | **07,344.81** |
| **योग** | | | | | | | **01,70,562.81** |
| **GST @ 18% (As applicable from time to time)** | | | | | | | **30,701.31** |
| **कुल योग धनराशि रू०** | | | | | | | **02,01,264.12** |

**(ख)** प्रशासकीय परिषद 14वीं बैठक के कार्यसूची के बिन्दु सं०: 14:16 में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से भरे जाने वाले स्टोर कीपर का पद त्रुटिवश कुशल के स्थान पर अर्द्धकुशल टाइप होने के प्रकरण से समिति अवगत हुई एवं "अर्द्धकुशल" को "कुशल" में परिवर्तित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

Sandeep

**16:19 संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षागार्ड व सुपरवाइजर के पद सृजन (वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से) कराये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं संस्थान की सुरक्षा व्यवस्था हेतु 18 सुरक्षागार्ड व 01 सुपरवाइजर के पदों का सृजन (जिनकी सेवा वाह्य सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से ली जायेगी) कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

**16:20 मा० उच्च न्यायालय में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद मा० उच्च न्यायालय में लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति की सूचना से अवगत हुई।

**16:21 प्रशासकीय परिषद व अन्य समितियों में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद, प्रशासकीय परिषद तथा भवन एवं कार्य समिति में सदस्यों के नामांकन की सूचना से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:22 नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन (NBA) नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त प्रत्यायन से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन (NBA) नई दिल्ली के द्वारा संस्थान को प्राप्त प्रत्यायन से अवगत हुई।

**16:23 संस्थान के अन्तर्गत स्थापित इन्क्यूबेटर को कम्पनी अधिनियम 2013 की Section-8 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त प्रकरण के सन्दर्भ में यह निर्णय लिया गया कि डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के Section-8 कम्पनी के MoA एवं AoA के प्रस्ताव को, संस्थान की Section-8 कम्पनी हेतु आवश्यक MoA एवं AoA के बनाये जाने में प्रयोग किया जाय जिससे संस्थान तथा विश्वविद्यालय की Section-8 कम्पनी नियमावली में एकरूपता रहे। विश्वविद्यालय के Section-8 कम्पनी के MoA एवं AoA के प्रस्ताव को आधार मानकर संस्थान की Section-8 कम्पनी का मा० कुलपति, डा०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के परीक्षणोपरान्त पंजीकरण कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**16:24 छात्र/छात्राओं के शुल्क जमा हेतु एच०डी०एफ०सी० बैंक में संस्थान का नया खाता खोले जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं छात्र/छात्राओं के शुल्क जमा हेतु एच०डी०एफ०सी० बैंक में संस्थान का नया खाता खोले जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

**16:25 मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा दिये गये सुझाव के क्रम में समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों के बाईलाज को एक समान बनाये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं मा० अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद द्वारा दिये गये सुझाव के क्रम में समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेजों के बाईलाज को एक समान बनाये जाने हेतु प्रस्ताव मा० कुलपति ए०के०टी०यू०, के द्वारा प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन को प्रेषित किये जाने पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान

**16:26 संस्थान के आवासीय परिसर के वाह्य स्थल में पार्क/जिम विकसित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**16:27 श्री लोकेश कुमार यादव के अध्ययन अवकाश समाप्ति के पश्चात् संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने की सूचना।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण की सूचना से अवगत हुई।

**16:28 संस्थान के बायलॉज में टंकण त्रुटि से परिषद को अवगत कराते हुये टंकण त्रुटि के सुधार पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान के बायलॉज में कतिपय स्थानों पर टंकण त्रुटियों का परीक्षण अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद के अवलोकनोपरान्त टंकण त्रुटियों को दूर करते हुए स्वच्छ प्रति प्रशासकीय परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**16:29 संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के वेतन निर्धारण के सम्बंध में विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद उक्त प्रकरण से अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

Sandeep

**16:30 अन्य, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**(अ) वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के दिनांकः 27 मई, 2022 से 6 जून, 2022 के वेतन भुगतान के सम्बन्ध में।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों के दिनांकः 27 मई, 2022 से 6 जून, 2022 के वेतन भुगतान को, पूर्व वाह्य सेवा प्रदाता एजेन्सी को पूर्व शर्तो के अनुसार ही किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(ब) 14वीं प्रशासकीय परिषद की बैठक में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्य लिये जाने वाले कार्मिकों के वेतन संरचना का प्राप्त अनुमोदन एवं वित्त समिति की दिनाँकः 03 फरवरी, 2022 को सम्पन्न 13वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में व्यय मजदूरी (वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों की मजदूरी) मद में अनुमोदित धनराशि रू० 232.90 लाख से किये जाने हेतु विचार एवं अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि संस्थान में वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों का वेतन 14वीं प्रशासकीय परिषद की बैठक में अनुमोदित वेतन संरचना के आधार पर वित्त समिति की दिनाँकः 03 फरवरी, 2022 को सम्पन्न 13वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2022–23 में व्यय मजदूरी (वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों की मजदूरी) मद में अनुमोदित धनराशि रू० 232.90 लाख से वित्त समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में वेतन निर्गत किया जाय जिसे आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

Sandeep

(प्रो० संदीप तिवारी)
सदस्य–सचिव
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

Director
Rajkiya Engineering College
Ambedkar Nagar (U.P.) 224122

प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन,
लखनऊ।
एवं
उपाध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

SNUpadhyay

(प्रो० एस०एन० उपाध्याय)
अध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
अम्बेडकर नगर।

...परिषद
...इंजीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर